# गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स 2025

## चर्चा में क्यों?

**18 मार्च, 2025** को [राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम (RMSCL)](#) को **ET गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड 2025** से सम्मानित किया गया है।

## मुख्य बिंदु

- **पुरस्कार के बारे में:**
  - यह पुरस्कार **राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम (RMSCL)** को **डिजिटल तकनीक** के माध्यम से **ऑक्सीजन संसाधन प्रबंधन** को सुदृढ़ करने के लिये प्रदान किया गया है।
  - इसका उद्देश्य **चिकित्सा सेवाओं में नवाचार, डिजिटलीकरण और प्रभावी संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देना** है।
- **राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम (RMSCL)**
  - **यह राज्य सरकार** द्वारा संचालित सार्वजनिक उपक्रम है, जिसे **राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़** करने के लिये स्थापित किया गया है।
  - इसकी स्थापना वर्ष **2011 में राजस्थान सरकार** द्वारा की गई थी।
  - इसका मुख्य कार्य **राज्य में आवश्यक औषधियों, चिकित्सा उपकरणों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना** है।
- **गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स**
  - **ET गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स** को **केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** का समर्थन प्राप्त है।
  - ये पुरस्कार उन अग्रदूतों को प्रदान किये जाते हैं, जिन्होंने **सार्वजनिक सेवाओं में डिजिटल परिवर्तन** को दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - इस समारोह में **पूरे भारत से 30 विजेताओं** को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में **गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा, केरल, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा** सहित कई राज्यों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-digitech-awards-2025